## खबर संक्षेप

### ऑडीटोरियम में देवी अहिल्या बाई की जन्म त्रिशताब्दी समारोह कल

**कटनी।** देवी अहिल्या बाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी समारोह समिति द्वारा रविवार 1 जून 2025 को बस स्टैंड स्थित नगर निगम ऑडिटोरियम में सायं 4 बजे से नाट्य मंचन एवं उद्बोधन कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। प्रभारी आयुक्त शैलेष गुप्ता द्वारा आयोजित कार्यक्रम के आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने हेतु निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व का आवंटन किया गया है। प्रभारी आयुक्त श्री गुप्ता द्वारा जारी आदेशानुसार आडिटोरियम की संपूर्ण कार्य व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी अधिकारी अश्विनी पाण्डेय उपयंत्री एवं जोन प्रभारी को नियुक्त किया जाकर इनके सहयोगी के रूप में तीन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं कार्यक्रम के दौरान मंच एवं आवश्यक विद्युत - प्रकाश व्यवस्था हेतु उपयंत्री मोना करेरा, कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक साफ- सफाई हेतु संजय सोनी प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी, पेयजल व्यवस्था हेतु मृदुल श्रीवास्तव को दायित्व सौंपे जाकर सौंपे गए दायित्वों को निर्धारित समय में पूर्ण कराने के निर्देश दिए है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हुई मौत



**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत स्थित एक होटल में युवती से मिलने आए एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। युवक की शिनाख्त पवन कुमार गुप्ता पिता भगवती प्रसाद गुप्ता 30 वर्ष थाना चीचौली, बाजार चौक बैतूल के रूप हुई हैं। युवक सुबह 11:00 बजे होटल दर्पण लॉज पहुंचा, जिसके बाद कटनी निवासी युवती युवक से मिलने 1:00 बजे पहुंची। युवती के मुताबिक लगभग आधे घंटे बाद युवक एकाएक अचेत हो गया जिसे इलाज के लिए पहले निजी चिकित्सालय ले जाया गया जिसके बाद मामला संदिग्ध होने पर उसे शासकीय जिला चिकित्सालय भेजा गया जहाँ पर परीक्षण के उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गईं जिसके बाद मामले की गंभीरता से जांच की जा रही हैं। युवती से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों की पहचान डेढ़ वर्ष पूर्व सोशल मिडिया पर हुई थी जिसके बाद दोनों एक दूसरे से बातचीत करके मिलते रहें। आज भी युवक युवती से मिलने पंहुचा था। कल पचमढ़ी जाने वाले थे लेकिन युवक की मौत हो गईं। युवक की मौत किन परिस्थितियों मे हुई उसकी पूरी जांच पुलिस द्वारा की जा रही हैं।

### खेत तालाब बनने से अब किसान को मिलेगी सिंचाई की सुविधा

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत बरखेड़ा भरदा के निवासी रामस्वरूप कोल को मनरेगा के तहत खेत तालाब स्वीकृत किया गया है। खेत तालाब स्वीकृत होने के बाद रामस्वरूप खुश हैं कि वे अपनी फसलों की सिंचाई खेत तालाब के पानी से कर सकेंगे। इस कार्य की लागत 1 लाख 47 हजार रूपये है। खेत तालाब स्वीकृत होने से प्रफुल्लित रामस्वरूप ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पहले सिंचाई के लिए पूरी तरह बारिश पर निर्भर रहना पड़ता था, परंतु अब कम बारिश होने पर भी मैं इस तालाब में संचित जल से फसलों की सिंचाई कर सकूँगा। पानी की उपलब्धता होने से पारंपरिक फसलों के अलावा सब्जियां एवं फल जैसी अधिक मूल्यवान फसलें भी उगा सकूँगा। इसके अलावा मछली पालन कर अतिरिक्त आय भी अर्जित करने का एक विकल्प मिल गया है। इससे न केवल परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी बल्कि काम की तलाश में इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। साथ ही मनरेगा योजना के तहत खेत तालाब बनने से मुझे एवं मेरे परिवार को मजदूरी भी मिल रही है।

## कहीं सेटिंग तो कहीं कमीशनबाजी है हावी, दवा के भी मनमाने हैं दाम

# नियमों को दरकिनार कर बिन पर्ची के ही बेची जा रही दवाएं, जांच न कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर व आसपास सहित जिले भर में नियमों को रौंदकर दवा दुकानों का संचालन किया जा रहा है। दवा कारोबार की गड़बड़ियों को झांकने प्रशासन के पास फुर्सत नहीं है। फलस्वरूप मेडिकल संचालक नियमों को दरकिनार कर मनमानी कर रहे है। दरअसल मेडीकल संचालन के लिये शासन की तय गाइडलाइन का कही पर भी पालन होता नही दिख रहा है। दवा दुकानों की जांच के लिये दवा निरीक्षक की तैनाती तो है लेकिन जांच के लिये पर्याप्त समय ही नही निकाल पा रहे है। इस तरह महज दुकानों की जांच के नाम पर महज खानापूर्ति के साथ ही कारोबार चल रहा है।

70 फीसद मेडिकल किसी न किसी डाक्टर के संबद्ध से चल रहे है जिस तरह दवा कंपनिया डाक्टरों को अपना ही उत्पाद बिक्री के लिये हर हथकंडा अपनाती है उसी तरह मेडिकल संचालक भी चिन्हित पाउडर, सीरप और दवा लिखने पर तगड़ा कमीशन देते है। डाक्टर भी चिन्हित मेडिकल से ही मरीज को दवाएं खरीदने के लिए कहते हैं। मरीज भी बताई गई दवा दुकानों से ही दवाओं को क्रय करता है। बिक्री के मान से कमीशन लौट जाता है। कई बार मेडिकल संचालक डाक्टर की लिखी दवा के स्थान पर उसी फार्मूले की दूसरी दवा थमा देते है। इस तरह अनेक प्रकार से दवा की दुकानों में संचालको द्वारा नियमों को ताक पर रखकर मुनाफा कमाया जा रहा है। नियमानुसार जांच की जाये तो 90 फीसद मेडिकलों में फार्मासिस्ट बैठते ही नही जिनके नाम पर दुकान रजिस्टर्ड है बल्कि उनके बच्चे या कम पढ़ा लिखा नौकर ही मेडिकल संचालित करता है। जाहिर है दवाओं के मिलते जुलते नाम और डोज भी कई बार डाक्टरो की पर्ची में स्पष्ट नही रहता, कम जानकार नौकर द्वारा पर्ची में लिखी दवा एक नजर में देखकर ही दे दी जाती है।

### बिन पर्चे ही बिक रही दवायें

लगभग प्रत्येक मेडिकल में बिना पर्चे के भी मरीज के तकलीफ बताते ही दवा दुकान संचालक दवायें देने में देर नही लगाते। बगैर डाक्टरो की लिखी पर्ची मेडिकल संचालको द्वारा ही दी जाने वाली दवाओं से एंटीबायटिक्स दवाओं के प्रति मरीज का शरीर रजिस्टेंट हो सकता है। इससे एंटीबायटिक्स का असर कम होता जायेगा। सही डोज नही लेने पर मरीजो को दवायें नुकसान भी कर सकती है। वही बिना पर्चे के कुछ दवाए मरीजों को देने से उन्हे नशे की आदत लग सकती है। दवा दुकानों पर एंटीबायटिक्स, ब्लड प्रेषर, दिमाग को आराम देने वाली दवायें, नशा पैदा करने वाले कफ सीरफ बेखटके थमाये जा रहे है। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रो में भी दवा दुकानदार कांउटर से इन दवाओं को बेच रहे है। इन निरीक्षण करने ड्रग इंस्पेक्टरो को फुर्सत ही नही है। जिसके चलते काउंटर से अधिक लाभांश देने वाली दवाओं को बेंचकर अतिरिक्त मुनाफा कमाया जा रहा है। दवाओं को डिस्पेंस करने वाले कुछ डाक्टर की जांच जरूरी है जिसके चलते दवा प्रतिनिधियों से दवाएं लेकर ही ये दवायें बेच रहे है। दवाओं की गुणवत्ता की जांच के लिये दवा निरीक्षक की नियुक्ति तो है लेकिन यह सब महज औपचारिकता ही साबित हो रहा है। असल में दवा दुकानों की जांच तो बस खानापूर्ति के लिये की जा रही है। दवा दुकानों से बिना पर्चे पर भी दवायें बेधड़क बिक रही है।



# निर्माण कार्यों में सरपंच व सचिव ने की अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

सरपंच- सचिव द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों में अनियमितता किये जाने मामला सामने आया है। मामला ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत देगवां महगवां का हैं।ग्रामीणों ने ढीमरखेड़ा पहुँचकर एसडीएम निधि गोहल से मामले की शिकायत करते हुए जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग किया है। ग्रामीणों का कहना है कि 10 दिनों के भीतर जांच नहीं कराई जाती है तो,सामूहिक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ग्रामीण गोलू जायसवाल, शिवभान सिंह, प्रकाश सिंह, राजू सिंह ठाकुर, प्रताप सिंह, लखन सिंह ,भागचन्द यादव,जवाहर सिंह, राजेश यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि महगवां देगवां ग्राम पंचायत के सचिव सरपंच ने अधिकारियों की मिलीभगत से मनरेगा योजना, तालाब जीर्णोद्धार,नाला तट सुदृढ़ीकरण सहित अन्य निर्माण कार्यों में व्यापक अनियमितता बरती हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पुराने कार्यों को नया बताते हुए जिम्मेदारों ने फर्जी बिल लगाकर सरकारी खाते से राशि आहरित किया। उन्होंने बताया कि कई निर्माण कार्य ऐसे भी हैं, जिनके नाम पर सरपंच सचिव ने राशि आहरित किया और निर्माण कार्य नहीं कराया। ग्रामीणों ने बताया अनेकों दफा अधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन आज तक जांच नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत करने पर उन्हें धमकियां भी दी जाती है।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम ढीमरखेड़ा निधि गोहल का कहना है कि ग्रामीणों द्वारा शिकायत प्राप्त हुई है। जनपद सीईओ को जांच कराने के लिए कहा है।

## सुगम यातायात के लिए निगम अमले ने चलाया अभियान

# अतिक्रमण पर कार्यवाही, 21 लोगों से वसूल किया 4200 रुपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर की सुचारू यातायात व्यवस्था हेतु नगर निगम का अतिक्रमण अमला अलर्ट मोड पर दिखाई दे रहा है। जिसके तहत शुक्रवार को अतिक्रमण अमले द्वारा मिशन चौक से सुभाष चौक तक अभियान चलाकर सार्वजनिक मार्गो में अतिक्रमण कर यातायात बाधित करते पाये जाने पर 21 लोगों पर 4 हजार 200 रुपये की चालानी कार्यवाही की गई।

### 5 दुकानदारों को नोटिस

वहीं कार्यवाही के दौरान पूर्व ने हिदायत देने के बाद भी पुनः सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करते पाये जाने पर 5 दुकानदारों को नोटिस जारी करने की भी कार्यवाही की गई।

अतिक्रमण प्रभारी नगर निगम मानेन्द्र सिंह ने बताया कि नगर में सुचारू यातायात व्यवस्था मुहैया कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को मिशन चौक से सुभाष तक तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान हिदायत देने के पश्चात भी शासकीय मार्ग पर अतिक्रमण कर दुकान की सामग्री रखकर यातायात को बाधित करते हुए पाए जाने पर सुहेल खान, आयुष गुप्ता, नारायण सिंघानिया, विनोद जैन एवं विशेष शर्मा को नोटिस जारी करते हुए तीन दिवस में अतिक्रमण हटाकर विभाग को सूचित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### चालानी व जब्ती कार्रवाई

उल्लेखनीय है कि निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा नागरिकों की सुगम यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नगर के मुख्य एवं सार्वजनिक मार्गो में अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों पर अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के परिपालन में निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा रोजाना अभियान चलाकर सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण कर यातायात बाधित करने वालों पर चालानी, सामग्री जब्त करने तथा नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जा रही है।

## रिमझिम बारिश से नहीं मिली राहत, उमस ने किया परेशान



शुक्रवार की शाम रिमझिम बारिश हुई। हालांकि बारिश से कोई खास राहत नहीं मिली बल्कि उमस बढ़ गई। दिन के समय मौसम साफ रहा। दोपहर के बाद बादलों की आवाजाही बनी रही। कभी धूप निकल आती तो कही बादल छा जाते। इस तरह से लुकाछिपी का खेल चलता रहा। शाम करीब 7 बजे हल्की बारिश हुई। वर्तमान समय में नौतपा चल रहे हैं। हालांकि नौतपा जिस तरह से गर्मी के लिए जाना जाता है उस तरह से नहीं तपा लेकिन गर्मी का असर बराबर बना हुआ है। गर्मी का असर इतना है कि कूलर और पंखे तो मानो कोई काम ही नहीं कर पा रहे हैं। दिन हो चाहे रात, गर्मी अपना प्रकोप बनाए हुए है। अब झमाझम बारिश होने की से ही उमस भरी गर्मी से निजात मिलने की उम्मीद लोगों को है।

# महिलाओं को दी गई महत्वपूर्ण जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पुलिस विभाग द्वारा लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर बस स्टैंड में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। अहिल्याबाई ने अपने शासनकाल में महिलाओं के सम्मान, शिक्षा और समानता के लिए अनगिनत पहलें कीं—विधवा-विवाह को समर्थन दिया, बालिकाओं की शिक्षा पर बल रखा और नारी गरिमा की रक्षा हेतु सशक्त संदेश प्रसारित किए। उनका आदर्श आज भी समाज को प्रेरित करता है। इसी उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों के विरुद्ध जनजागृति फैलाना और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया।

जनजागरूकता कार्यक्रम में 100 से अधिक महिलाओं ने सक्रिय रूप से सहभागिता की, कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार, सुरक्षा उपायों एवं उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। विशेष रूप से महिला सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर साझा किए गए, जिनमें महिला हेल्पलाइनः 1090, साइबर हेल्पलाइनः 1930, पुलिस आपातकालीन सेवा 100 बाल सहायता हेल्पलाइन 1098 महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी देकर यह संदेश दिया गया कि महिलाएं किसी भी आपात स्थिति में बिना हिचक मदद ले सकती हैं, और कटनी पुलिस उनकी हर संभव सहायता के लिए तत्पर है।

## रीठी पुलिस ने की कार्यवाही, बदमाशों को कोर्ट में किया पेश

# ट्रेक्टर ट्राली चोरी के मामले में दो और बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रीठी पुलिस ने ट्रेक्टर चोरी के मामले में एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पूर्व में ही एक बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा चुकी है। थाना प्रभारी राखी पांडे ने बताया कि गत 2 मई को ग्राम बांधा निवासी फूलचंद पटेल पिता भरोसा पटेल का ट्रैक्टर क्रमांक MP 21 AB 0346 उनके घर के सामने से अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया था। शिकायत प्राप्त होते ही थाना रीठी में धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राखी पांडेय व उप निरीक्षक आर.पी. रावत के नेतृत्व में टीम गठित कर खोजबीन शुरू की गई। जांच के दौरान 17 मई को बाकल मंगेला निवासी संतोष पिता सुखदेव पटेल 22 वर्ष को पकड़ा गया। उक्त आरोपी ने रैपुरा जिला पन्ना निवासी मनीष पटेल के साथ मिलकर ट्रैक्टर की चोरी की थी। पुलिस से बचने के लिए उसे ग्राम मगेला के जंगल में छुपा दिया था। बाद में वह उसे बेचने की नीयत से ग्राहकों से संपर्क करने पटोरी तिराहे पर खड़ा था। आरोपी की निशानदेही पर जंगल से चोरी गया ट्रैक्टर बरामद कर लिया गया था तथा आरोपी संतोष पटेल को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जो जिला जेल कटनी में निरुद्ध है। आरोपी मनीष पटेल एवं चोरी गई ट्रॉली की तलाश के 30 मई को सूचना प्राप्त हुई कि मनीष पटेल निवासी रैपुरा जिला पन्ना का रैपुरा तिराहा पर खड़ा है। जिसे पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। जिसके द्वारा बताया गया कि घटना के दिन ट्रैक्टर एवं ट्रॉली चोरी करने के बाद उक्त ट्रॉली को रैपुरा निवासी चंद्रप्रकाश उर्फ छोटू लोधी पिता उमेश लोधी 19 वर्ष को चोरी की ट्रॉली बेचने हेतु दिया था। जब छोटू उर्फ चंद्रप्रकाश पटेल को हिरासत में लेकर ट्रॉली के संबंध में पूछताछ की गई तो उसने मनीष लोधी की टपरिया हरदुआ रोड रैपुरा जिला पन्ना में उक्त ट्रॉली छुपाना बताया। ट्रॉली कब्जे में लेकर उक्त दोनों आरोपियों मनीष पटेल पिता नारायण पटेल 20 वर्ष एवं छोटू उर्फ चंद्र प्रकाश पिता उमेश लोधी निवासी रायपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया।

कार्रवाई में एसआई आर पी रावत, प्रधान आरक्षक भोला गुप्ता, अजय मेहरा , आरक्षक शमशेर, ज्ञानेंद्र, शहंशाह, विजय शामिल रहे।

## मॉडल जन शिक्षण संस्थान उद्घाटन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# उत्कृष्ट कार्य करने पर कटनी को मॉडल जेएसएस के रूप में किया है चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





जन शिक्षण संस्थान कटनी द्वारा संस्थान के परिसर में 30 मई 2025 को मॉडल जन शिक्षण संस्थान उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ आई.टी.आई. प्राचार्य रंजीत रोहितास जी द्वारा रिबन काट कर किया गया। इस कार्यक्रम में जिला व्यापार उघोग के महा प्रबंधक दिनेश एवं प्रबंधक संतोष उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम में संस्थान की निदेशक श्रीमती लाली सिंह द्वारा यह बताया गया कि मंत्रालय के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर कटनी को मॉडल जे.एस.एस. के रूप में चयनित किया गया है। यह कटनी जिले के लिए बड़े हर्ष की बात है। मॉडल जे.एस.एस. में ट्रेड ब्यूटी केयर असिस्टेंट चयनित किया गया है। इसमें एडवांस पार्लर की सभी मशीनों के अंतर्गत गेलवोनिक हाइड्रा मशीन, मेनीक्योर पेडीक्योर मशीन, स्ट्रेटिंग मशीन, कर्लर मषीन, फेस स्पॉ, हेयर स्पॉ एवं कटिंग चेयर फेसियल चेयर, बॉडी मसाज टेबल, आदि आधुनिक मशीनों को संकल्प योजना के तहत जे.एस.एस. कटनी को मंत्रालय द्वारा प्रदत्त की गई है। इस योजना के तहत प्रदत्त मशीनों का अधिक से अधिक लाभार्थी उपयोग कर रोजगार प्राप्त कर सकें। संस्थान का यही उद्देष्य है।

आई.टी.आई. प्राचार्य रंजीत रोहितास द्वारा सभी लाभार्थियों को ट्रेनिंग के लिए प्रेरित किया और ट्रेनिंग में समय और उपस्थिति का विषेष ध्यान दे तभी आप की ट्रेनिंग पूर्णतः मानी जायेगी। जिला व्यापार उघोग के महा प्रबंधक दिनेश के द्वारा समस्त लाभार्थियों को ट्रेनिंग में पूर्णतः ध्यान देने को कहा एवं ट्रेनिंग लेने के पश्चात ऋण संबंधी जानकारी के बारे में बताया एवं रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए संस्थान को सलाह दी। इस कार्यक्रम में संस्कृति महिला मण्डल श्रीमती अर्चना सिंह का इस कार्यक्रम विषेष सहयोग रहा उन्होंने सभी हाईटेक मशीनों के बारे में सभी अधिकारी को समझाया।

अन्त में समूह चर्चा के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यक्रम में सभी संस्थान स्टॉफ के नित्यांषु, अखिलेष, हेमन्त राज, अजय एवं श्रीमती बबीता सिंह एवं सभी अनुदेषकों श्रीमती सीता सोनी, श्रीमती शकुन्तला केशरवानी, श्रीमती प्रीति सिंह, कु. बबली श्रीवास आदि का सहयोग रहा।

# प्रतिबंध के बाद भी बोरिंग कराने पर मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही



कलेक्टर दिलीप यादव द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद बरही थाना क्षेत्र में बोरिंग मशीन द्वारा बिना अनुमति बोरिंग करते हुए पाई गई। पुलिस एवं प्रशासन की टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए बोरिंग मशीन को जप्त कर लिया। कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए बरही थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव ने बताया कि एसपी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन, एएसपी संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ वीरेन्द्र धार्वे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में बरही पुलिस एवं राजस्व विभाग द्वारा सयुक्त कार्यवाही करते हुए ग्राम डिघी में बोरिंग मशीन क्रमांक MP 19 HA 4519 के द्वारा अवैध बोरिंग करते हुए पाए जाने पर बोरिंग मशीन जप्त कर धारा 223 BNS एवं 3/9 4/9 म.प्र. पेयजल परि. अधिनियम 1986 के तहत FIR दर्ज की गई है। कार्यवाही में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव, सउनि दिनेश सिंह बघेल. प्र.आर. उदय पाल सिंह, आर अवधेश प्रताप सिंह, पटवारी जय प्रकाश सिंह की मुख्य भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### 5 जून तक समग्र ई-के.वाय.सी कराने हितग्राहियों से आग्रह

**कटनी।** शासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु समग्र ई-केवायसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जिन हितग्राहियों ने अभी तक समग्र ई-के.वाय.सी नहीं कराया है, वे 5 जून 2025 तक इसे अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें। समग्र ई-के.वाय.सी कराने के लिए नागरिकगण समग्र आईडी, आधार कार्ड, स्वयं अथवा परिवार के किसी सदस्य का मोबाइल नंबर के साथ नगर निगम जोन कार्यालय अथवा शिविर स्थलों सहित अपने नजदीकी एमपी ऑनलाइन केंद्र, सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) में संपर्क कर सकते हैं। हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ निरंतर मिलता रहे इसके लिए निगम प्रशासन द्वारा रोजाना शिविरों का आयोजन किया जाकर समग्र से आधार ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। नागरिकों से डोर तो डोर संपर्क कर नागरिकों से निर्धारित समयावधि में अपनी समग्र ई-के.वास.सी प्रक्रिया को पूर्ण कराने का भी आग्रह किया गया है।

### हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल द्वितीय परीक्षा के आवेदन कल तक

**कटनी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा होने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की द्वितीय परीक्षा के लिये पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भरे जा रहे हैं। शिक्षण सत्र 2024-25 की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र अनुत्तीर्ण विषयों की द्वितीय परीक्षा के लिये 31 मई की रात्रि 12 बजे तक एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर आवेदन भर सकेंगे।

### खेल छात्रवृति हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि कल

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेल छात्रवृत्ति अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को दी जाती है। इसमें वरीयता राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक अर्जित करने वाले खिलाड़ियों को दी जायेगी। खेल वृत्ति का उद्देश्य राज्य स्तरीय पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना है। खेलवृति हेतु खिलाड़ी की आयु 1 अप्रैल 2025 को 19 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। खिलाड़ी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। आवेदक की विगत वर्ष के 01 अप्रैल से 31 मार्च अर्थात एक वित्तीय वर्ष में प्राप्त खेल उपब्धियों की गणना की जायेगी। खेल छात्रवृति हेतु खिलाडी अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरकर कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग में 31 मई तक जमा करा सकते है। नियत तिथि के पश्चात किसी भी स्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किए जावेंगे। खेलवृति 2024 हेतु निर्धारित आवेदन पत्र, अधिकृत राज्य स्तरीय खेल उपलब्धि का प्रमाण पत्र (जिसमें प्रथम, द्वितीय,तृतीय स्थान अंकित हो) की छायाप्रति, जन्मतिथि प्रमाणीकरण हेतु बोर्ड परीक्षा अंकसूची अथवा जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, आवेदक के मूलनिवासी प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आवेदक के बैंक पासबुक की छायाप्रति, आवेदक का मोबाइल नंबर एवं पालक का मोबाइल नंबर होना चाहिए।

### युवा पूरा कर सकेंगे स्वरोजगार का सपना

**कटनी।** अनुसूचित जाति वर्ग के वे युवा जो अपना व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं। उनके लिए राज्य शासन द्वारा ष्संत रविदास स्वरोजगार योजनाष् शुरू की गई है। यह योजना बेरोजगार युवाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। योजनांतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के 18 से 45 वर्ष की आयु के आवेदक, जो कम से कम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण हों और जिनके परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रूपये से अधिक न हो, आवेदन कर सकते हैं। 1 लाख रूपये से लेकर 25 लाख रूपये तक के ऋण का प्रावधान किया गया है।

---

### बिना सुरक्षा उपकरणों के चालू विद्युत लाइनों में कार्य करते हैं ठेका व संविदा कर्मी

# बेपरवाही: खतरे का जोखिम अनट्रेंड के सिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विद्युत वितरण कंपनी के लिए काम करने वाले कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरण के अपनी जान जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं। ऊंचे ऊंचे बिजली के खंभों पर चढ़कर बिजली का सुधार करने के लिए ये केवल एक सीढ़ी के सहारे डटे रहते हैं। दुर्घटनाएं होने के बाद भी कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरणों को काम करते हैं जिम्मेदार बिजली कंपनी हादसे का इंतजार करती है। अधिकतर विद्युतकर्मी बिना सेफ्टी किट के बिजली के पोलों में चढ़ जाते हैं। इससे अप्रिय घटना का आशंका बनी रहती है।





#### बनी रहती है हादसे की आशंका

विद्युत लाइनों में खराबी आने के बाद बिना आवश्यक उपकरणों के सीढ़ी में चढ़कर ही कार्य करते नजर आ जाते हैं। जबकि एक दो कर्मचारी सीढ़ी पकड़े नीचे खड़ते रहते हैं। कई बार विद्युत लाइन में सुधार के लिए चालू लाइन में ही कार्य करते रहते हैं। जबकि इन कर्मचारियों को काम करते समय सुरक्षा उपकरण पहनना चाहिए। विभाग के अधिकारियों का दावा है कि उनके द्वारा सुरक्षा उपकरण दिए जाने के बाद भी ये कर्मचारी लापरवाही करते हुए काम कर रहे हैं। ऐसे में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

#### कार्य दौरान ये उपकरण जरूरी

लाइन में छोटा सुधार हो या बड़ा कार्य सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल करना अनिवार्य होता है। बिजली सुधार करते समय प्रत्येक बिजली कर्मचारी के पास हाथों में पहनने वाले नायलोन के लांग ग्लब्स, लांग बूट, हेलमेट, कैप, टेस्टर, टार्च, सीढ़ी और सूती कपड़े पहनना जरूरी है। मगर शहर में जब भी बिजली सुधार कार्य होता है तब कंपनी के मैदानी एवं सर्विस प्रोवाइडर के कर्मचारी इन उपकरणों का इस्तेमाल कम ही करते हैं। कई बार बिना सुरक्षा उपकरणों के ही डीपी पोल पर चढ़कर सुधार किया जाता है। विभाग द्वारा अलग-अलग कार्यों के लिए कर्मचारी रखे गए हैं। बताया जा रहा है कि लाइन सुधार के समय सीनियर कर्मचारी अपने साथ नए कर्मचारियों को रखते हैं। नियम अनुसार लाइन सुधारते समय खंभे पर सिर्फ लाइनमैन को ही चढ़ना चाहिए, लेकिन लाइनमैन नीचे खड़े रहते और नौसिखिए खंभे पर चढ़कर बिजली सुधारते हैं। शहर हो या ग्रामीण अंचल पोल में चढ़कर सुधार कार्य करते ऐसे नजारे देखने मिलते रहते हैं। नीचे दो कर्मचारी सीढ़ी को पकड़े रहते थे और एक कर्मचारी बिना कोई सुरक्षा के उपकरण के विद्युत पोल में चढ़कर सुधार कार्य या लाइन जोड़ने का कार्य करता रहता हैं। हलांकि कई बार देखनें में आया है कि जब भी विभाग द्वारा लाइनों का मेंटेंनेंस का काम किया जाता है उस समय क्रेन को बुलाया जाता है जिसमें बैठकर कर्मचारी लाइनों का काम करते हैं।

#### अप्रशिक्षितों से तकनीकी कार्य

उल्लेखनीय है कि जिले में ही 70 फीसद मैदानी पद संविदा पदो से काम चलाया जा रहा है। महज आईटीआई की डिग्री लेने वाले बेरोजगार युवाओं को सब स्टेशनों में तैनाती के नाम पर तकनीकी एक्सपर्ट यानि इंजीनियर स्तर के सारे कार्य कराये जा रहे है। इतना ही नही कई कई गांव की जवाबदारी एक एक संविदा कर्मियों पर छोड़ रखी गई है जबकि ये लाइन परिचारक अपना कार्य सीधे श्रमिको से कराया जा रहा है। खंभा में चढ़कर बिजली ठीक करने सहित सभी तकनीकी कार्य इन्ही के द्वारा निष्पादित किया जा रहा है। इस तरह अप्रशिक्षितों से तकनीकी कार्य लिया जा रहा है। आउटसोर्सिग पर रखे गये कर्मचारी पेशेवर तो नही हो सकते यह जानते हुये भी कंपनी द्वारा प्रशिक्षण की औपचारिकता पूरी करते हुये जोखिम वाले कार्य कराया जा रहा है। नियमित कर्मचारियों के मुकाबले इन्हे वेतन व सुविधायें भी माकूल नहीं मिली। इधर कंपनी संविदा कर्मचारियों को फील्ड स्तर पर दोहरी जवाबदारी के साथ काम ले रही है

---



## अपहृत बालिका व गुम महिला को दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

अपहृत बालिकाओ एवं गुम महिला को उमरियापान पुलिस ने दस्तयाब कर परिजनों से मिलवाया। पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अपहृत बालक / बालिकाओ की दस्तयाबी के प्रयास किये जा रहे है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद प्रभात कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना उमरियापान पुलिस ने अपहृत बालिकाओ एवं गुम महिला को दस्तायाब किया। दस्तयाबी उपरांत गुमशुदा बालिकाओं एवं महिला को उनके परिजनो के सुपुर्द किया गया । कार्यवाही में थाना प्रभारी उप.निरीक्षक. दिनेश तिवारी, भरत सिंह मार्को, सहा. उप नि. कोदूलाल दाहिया, गया प्रसाद मगोरे, प्र. आर. अजय तिवारी, मुकेश सिंह, योगेंद्र सिंह, अजय सिंह, आशीष झारिया, आरक्षक योगेश पटेल, मोहन मुवेल, मनोज कुम्हारे, जगन्नाथ सिंह, अनिल पांडेय, सैनिक संतोष दुबे, देवेंद्र बाजपेई की भूमिका रही है । इसी तरह बड़वारा पुलिस ने बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी बड़वारा केके पटेल ने बताया कि 23 मई 2025 को थाना क्षेत्र की एक महिला ने रिपोर्ट लेख करायी कि उसकी लड़की जिसकी करीब 14 साल है जो बिना बताये कहीं चली गयी है। फरियादिया को शंका है कि इसकी नाबालिक लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बड़वारा में बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अपहृता बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि केके पटेल, सउनि विक्रम सिंह, प्रआर. पवनराज, सायबर सेल से प्रआर. प्रशांत सिंह एवं सत्येंद्र सिंह, एवं आर. बृजलाल

---

*जिला पंचायत सीईओ ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण*

## पेयजल समस्या होने पर सात दिन के अंदर हैण्डपंप चालू करने के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत ने जनपद पंचायत कटनी, बड़वारा और विजयराघवगढ़ में निर्माणाधीन 15वें वित्त योजना के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। कटनी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत चाका में 2.95 लाख की लागत से नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। जिसमें मौके पर सहायक यंत्री जनपद पंचायत कटनी को निर्माणाधीन कार्य का आउटलेट समुचित किए जाने के निर्देश दिए।

स्वीकृत बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। स्कूल परिसर के शेष भाग में बाउंड्री बाल निर्मित नहीं होने पर अप्रसन्नता



व्यक्त करते हुए उपयंत्री को संपूर्ण कैंपस को बाउंड्री वॉल से कवर करते हुए कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया । साथ ही मापदंडों का पूर्णतया पालन करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गए।

जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कांटी में 15वें वित्त से स्वीकृत हैंडपंप खनन कार्य का निरीक्षण किया गया। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि गर्मी के दिनों में पेयजल संकट रहता था। लेकिन अब हैंडपंप खनन से पेयजल संकट का समाधान हुआ है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत जीवारा में हैंडपंप खनन का निरीक्षण किया गया। जिसमें सिर्फ खनन कार्य मौके पर पाया गया। पेयजल की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित नहीं की, जिस पर सीईओ जिला पंचायत श्री गेमावत ने 7 दिवस के अंदर हैंडपंप चालू करने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत निगहरा में स्वीकृत सामुदायिक भवन, अतिरिक्त कक्ष उपस्वास्थ केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपयंत्री के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए एक माह में पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बसाडी में पेयजल व्यवस्था हेतु वर्ष 2020-21 में स्वीकृत कार्य जिसकी स्वीकृत राशि 10.20 लाख एवं वह राशि 10.09 लाख है, का स्थल निरीक्षण के दौरान कार्य पर अधिक राशि व्यय होने की जांच किए जाने के लिए निर्देश दिए गए।

---

### आधार केन्द्रों में घंटों इंतजार के बाद भी नहीं हो पा रहा काम



शहर में आधार केन्द्रों की संख्या कम होने से लोगों की इतनी भीड़ हो जाती है कि कतार में लगे लोगों के काम एक दिन में पूरे नहीं हो पाते और दूसरे दिन भी लोग काम काज छोड़कर परेशानी भरे माहौल में पुन: कतार में लगते हैं फिर काम हो या ना हो इसकी कोई गारंटी भी नहीं होती। बाद में लोग प्रशासन की इस व्यवस्था को कोसते नजर आते हैं। नाम, पता, मोबाइल नंबर आदि का सुधार कार्य कराने के लिए लोग परेशान होते हैं। आधार संबंधी कार्य कराने सेंटर पहुंचते हैं जहां पहले से लगी लंबी कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं और गर्मी व बेचैनी भरे माहौल में घंटों इंतजार करते रहते हैं।

---

## महापौर ने सेवानिवृत कर्मचारियों को निगम परिवार की ओर से सम्मान कर दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम परिवार में अपना सेवाकाल पूर्ण कर चुके कर्मचारियों का माह की अंतिम तारीख में नगर निगम परिवार द्वारा सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों का सम्मान समारोह गरिमामय रूप से आयोजित किया जाता है।

शुक्रवार को मेयर इन काउंसिल सभागार में अपनी सेवा अवधि पूर्ण कर सेवानिवृत हो रहे जलप्रदाय विभाग में पदस्थ रामरतन यादव,सामान्य प्रशासन विभाग में पदस्थ राजेंद्र प्रसाद दुबे एवं रामचरण रजक को नगर निगम परिवार की ओर से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं मेयर इन काउंसिल सदस्यों, द्वारा शाल, श्रीफल एवं पुष्पमाला भेंट करते हुए सम्मानित कर उनके स्वत्वों के चेक



प्रदान किया।

इस दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने सेवानिवृत कर्मचारियों को स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष शिब्बू साहू, बीना बैनर्जी, एडवोकेट सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद उमेन्द्र अहिरवार,पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव,कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा,राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक,सहा यंत्री आदेश जैन,उपयंत्री जे.पी सिंह बघेल, अश्वनी पांडेय,मृदुल श्रीवास्तव, शैलेंद्र प्यासी,योजना प्रभारी रविशंकर पांडेय,निगम सचिव पारसनाथ प्रजापति,गणेश प्रसाद बिचपुरिया सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

---

*बारिश पूर्व जलभराव की समस्या से निबटने चल रहा सफाई अभियान*

## मच्छरों से बचाव के लिए फागिंग, नगर की स्वच्छता के लिए सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्तमान ग्रीष्म ऋतु के दौरान नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था सहित मौसमी बीमारियों के नियंत्रण एवं किसी भी तरह के संक्रमण के प्रसार को रोकने हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देश पर नगर के विभिन्न वार्डो में कीटनाशक दवाईयों के छिड़काव के साथ-साथ फगिंग मशीन के माध्यम से रायायनिक धुंए का छिड़काव कार्य किया जा रहा है।

स्वास्थ अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि मच्छर जनित बीमारियों पर अंकुश लगानें एवं नागरिकों की सुविधा को देखते हुए विगत दिवस राममनोहर लोहिया वार्ड में क्षेत्रीय पार्षद एवं वार्ड दरोगा की मौजूदगी में विभिन्न स्थलों पर धुएं छोड़े जाने की कार्यवाही की गई। इस दौरान चंडिका नगर, अहमद नगर, चौधरी बस्ती, मुक्तिधाम मार्ग, फुल्की गली, नदीपार बस्ती, प्रजापति मोहल्ला आदि स्थलों में फागिंग मशीन चलाई जाकर मच्छरों पर नियंत्रण हेतु रासायनिक धुएं का छिड़काव किया गया। नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए वार्डवार फागिंग अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

#### वार्डों में योजनाबद्ध तरीके से हो रहा सफाई कार्य

नगर निगम द्वारा वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के पूर्व शहर के सभी नालों को साफ कराने का अभियान तेज कर दिया गया है। निगम प्रशासन का प्रयास है कि शहर को नालों में जलभराव की समस्या से मुक्ति दिलाई जा सके ताकि स्थानीय निवासियों एवं राहगीरों को आवागमन में कोई परेशानी ना उठानी पड़े। इसके अलावा नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु दो शिफ्ट में मुख्य एवं अन्य मार्गो सहित बाजार स्थलों में भी झाडू का कार्य किया जाकर कचरे का उठाव किया जा रहा है। सार्वजनिक नाले नालियों से सुगम पानी निकासी की व्यवस्था हेतु प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था के दौरान पाठक वार्ड स्थित दुर्गा मंदिर के पास एवं राम कृष्ण परमहंस वार्ड स्थित निर्मल धाम कालोनी से बाबा घाट तक बड़े नाले की सफाई मशीनों के माध्यम से की जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए। वहीं स्वच्छता दूतों के माध्यम से कुठला बस्ती, वार्ड क्रमांक 3 स्थित आदिवासी बस्ती, वार्ड क्रमांक 5 स्थित फुल्की गली, वार्ड क्रमांक 13 स्थित कोहली किराना गली, वार्ड क्रमांक 19 जैन कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 21 गायत्री नगर, वार्ड क्रमांक 27 बरगवां स्कूल के पास, वार्ड क्रमांक 32, वार्ड क्रमांक 42 स्थित खैबर लाईन सहित नगर के विभिन्न मुख्य एवं अन्य मार्गो के नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य कराया जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किए गए।

नगर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए दो बस स्टेण्ड परिसर, बस स्टेंड मुख्य मार्ग, मुक्तिधाम परिसर, मिशन चौक, बरगवां मुख्य मार्ग, सुभाष चौक स्टेशन रोड मुख्य मार्ग झंडा बाजार, गोल बाजार कपड़ा मार्केट, पीरबाबा उर्स स्थल पर सफाई कराई गई।

---

### कलेक्टर ग्राम स्तर पर पहुंच कर सुन रहे जनता की समस्यायें

## लोक सुनवाई सह जनसंवाद का दूसरा चरण 5 जून से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए लोक सुनवाई का दूसरा चरण शुरू हो रहा है। इसके तहत ज़िले का पहला कार्यक्रम गुरुवार 5 जून को शाम 5 बजे से जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में आयोजित होगा। जहां कलेक्टर श्री यादव स्वयं मौजूद रहकर, लोगों से रू-ब-रू होंगें। जिले के अलग-अलग स्थानों में कुल 13 लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होंगे। कलेक्टर ने सभी के लिए दिन, तिथि और समय घोषित कर दिया है।

जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित होने वाले लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इस अभिनव पहल के प्रणेता एवं सूत्रधार कलेक्टर श्री यादव सहित सभी महकमों के जिला अधिकारी, एसडीएम, एसडीओपी और संबंधित तहसील और विकासखंड स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इसके लिए कलेक्टर श्री यादव ने सभी की उपस्थिति के लिए विधिवत निर्देश भी जारी कर दिया है।

जिला प्रशासन के आला अधिकारियों की टीम द्वारा आमजनता के बीच ग्राम पंचायत तक पहुंच कर उनकी समस्याएं और शिकायतें जानने की पहल कर्मठ सुशासन की नजीर है। यह पहल करने वाला कटनी प्रदेश का पहला जिला होगा, जहां के कलेक्टर सहित जिला अधिकारी गांव में जाकर लोगों का दुःख-दर्द जानेंगे।

#### यहां होगा कार्यक्रम

जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में गुरूवार 5 जून को पहली लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के बाद जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत देवरी हटाई में गुरूवार 12 जून को दूसरी लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी प्रकार गुरूवार 19 जून को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत बचौया में, गुरूवार 26 जून को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत भजिया में, गुरूवार 3 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कांटी में, गुरूवार 10 जुलाई को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत देवगांव में, गुरूवार 17 जुलाई को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत कचनारी में और गुरुवार 24 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत गैरतलाई में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके अलावा गुरुवार 31 जुलाई को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत जुजावल मे, गुरुवार 7 अगस्त को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत खितौली में, गुरुवार 14 अगस्त को जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत हरदुआ कुडो में तथा गुरुवार 21 अगस्त को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत घुघरा में और 28 अगस्त को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सिंनगौड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा। लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 5 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

---

### आजीविका संवर्धन गतिविधि से चंद्रा बनी आत्मनिर्भर

**कटनी।** ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह से जुड़कर विकासखंड विजयराघवगढ़ के ग्राम गुड़गुड़ौहा की चन्दा त्रिपाठी ने मिसाल कायम कर दी है। स्व-सहायता समूह की आजीविका संवर्धन गतिविधियों से जुड़कर अब चंदा 25 हजार रूपये प्रतिमाह की आमदनी अर्जित कर रहीं हैं। शिव महिमा स्व-सहायता समूह की सदस्य चन्दा त्रिपाठी बताती हैं कि समूह में जुड़ने से पहले उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। परिवार के द्वारा केवल परंपरागत कृषि कार्य होने से परिवार का बमुश्किल भरण-पोषण हो पाता था। वर्ष 2006 में चन्दा त्रिपाठी को समूह की जानकारी मिली। इसके बाद वे सदस्य के रूप में जुड़कर धीरे-धीरे बचत करती थी। समूह द्वारा वर्ष 2007 में स्थानीय विद्यालय में मध्यान्ह भोजन का संचालन कार्य मिला, परंतु इन कामों से कोई विशेष लाभ नहीं मिल रहा था। वर्ष 2017 में जिले में आजीविका मिशन की शुरूआत होने के बाद चक्रीय कोष के रूप में 10 हजार रूपये दिलवाये गए। साथ ही 1 लाख रूपये का सीसीएल जारी करवाया गया। जिससे चन्दा द्वारा 30 हजार रूपये का ऋण लिया गया और अतिरिक्त पड़ी भूमि को कृषि योग्य तैयार कर खेती का रकवा बढ़ाया जिससे परिवार को अतिरिक्त आमदनी होने लगी।

### श्रमदान से किया गहरीकरण कार्य

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत अमाडी जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम अमाडी रपटा नाला की साफ-सफाई एवं गहरीकरण कार्य ग्रामीणों के जनसहयोग एवं श्रमदान से शुरू किया गया। जल संवर्धन का कार्य सरपंच रामलाल सिंह, सचिव अश्विनी कुमार सोनी, ग्राम रोजगार सहायक गुलाब यादव, जन अभियान परिषद से गुलशन सिंह रुहेल, जनपद सदस्य उर्मिला बाई पटेल एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में किया गया।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।



पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

**खबर संक्षेप**

### एक माह में सात अपहर्ताओं को अमानगंज थाना प्रभारी ने किया दस्तयाव

**अमानगंज।** वर्तमान में पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा चलाये जा रहे मुस्कान अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना , एसडीओपी गुनौर के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी अमानगंज के नेतृत्व में लगातार अपहर्ताओं की दस्तयावी की जा रही है, जिसमें एक माह के अंदर सात अपहर्ताओं को दस्तयाव किया गया। इसी क्रम में थाना प्रभारी अमानगंज ने फिर एक टीम गठित कर अपराध क्रमांक 325/25 में अपहर्ता निवासी मढ़यि सिरास्तेदार को दस्तयाव किया जाकर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया है । जो अपहर्ता के परिजनों में खुशी का माहौल है । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज निरी. माधवी अग्निहोत्री सउनि सी.के. बागरी, प्रआर. शिवम शर्मा, सलीम, आर. सतीश श्रीवास द्वारका , मुनेन्द्र, विश्वास , लखन, मआर. रागिनी सायबर से धर्मेंद्र आशीष का सराहनीय योगदान रहा है ।

### छत्रसाल जयंती पर निकली श्री प्राणनाथ जी मंदिर से भव्य शोभा यात्रा जी

**पन्ना।** नरवीर, केसरी महाराजा छत्रसाल की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। महाराजा छत्रसाल की जयंती में शिरकत करने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव भी पन्ना आए और छत्रसाल उद्यान में पहुंच कर उनकी प्रतिमा को नमन करते हुए पुष्प माला अर्पित की।

## सिंग्रामपुर धनेटा 25 केबी डीटीआर पर गिरा बबूल का पेड़

# नौतपा के पांचवें दिन गरज चमक के साथ जमकर बारिश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर**

जिस दिन से नौतपा शुरू हुई उसी दिन से मौसम का मिजाज हर दिन बदलता हुआ दिखाई दे रही कभी धूप कभी छांव का खेल बदस्तूर जारी जिसका नतीजा है कि नौतपा की पांचवें दिन आसमान पर छाए बादलों ने दोपहर में गरज चमक के साथ करीब आधे घंटे की जमकर बारिश हुई। कुछ समय के लिए गर्मी से राहत मिली लेकिन बारिश थमते ही उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेचैन कर दिया और रही सही कसर बिजली सप्लाई बंद होने से पूरी कर दी और गर्मी से लोग



बहाल नजर आए। अशोक, दीपक ने बताया नौतपा की पांचवें दिन अचानक से मौसम ने करवट बदली लगभग आधे घंटे की बारिश में नगर में को पानी पानी कर दिया आलम यह हो गया कि आंधी तूफान के साथ हुई बारिश ने घरों के अंदर पानी घुस गया लोगों की परेशानी उस समय बढ़ गई। जब सिंग्रामपुर फीटर की बिजली सप्लाई बंद हो गई और घंटो सप्लाई बंद रही लोगो की समझ से परे है। मानसून के पहले मेंटेनेंस किस बात का होता है जबकि जरा सा हवा का झोंका आया और बारिश होने पर घंटो बिजली सप्लाई बंद कर दी जाती है। वारिश के पहले मेंटिनेंस के नाम पर और बारिश होने पर फाल्ट बनने के नाम पर बिजली कंपनी को तो बिजली कटौती का बहाना चाहिए जैसा कि आज की आधे घंटे बारिश होते ही घंटों के लिए बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई।

### ट्रासफार्मर जमीन पर पड़ा 33 गांव बिजली आपूर्ति ठप



**सिंग्रामपुर।** तेज आधी तूफान बारिश ने सिंग्रामपुर क्षेत्र में जमकर कहर मचाया है कटंगी सिग्रामपुर 33 केवी लाइन की बिजली सप्लाई ठप पड़ी हुई वहीं धनेटा 25 केबी डी टी आर पर बाबुल का पेड़ गिरने से ट्रांसफार्मर धड़ाम से जमीन पर गिर गया जिस ट्रांसफार्मर के दोनों मुडड़ी चैनल चैनल टूट गए और ट्रांसफार्मर जमीन में गिरने से पूरा आइल गिर गया है साथ ही ट्रांसफार्मर की बुश दोनों बिजली पोल टूट गए है जिससे पूरा बिजली आपूर्ति का सिस्टम फेल हो गया है और नए सिरे से पूरा सिस्टम लगेगा बतायाजाता है सिग्रामपुर लाइन के लमतरा के पास बी ग्रास टूटने के साथ दो तार टूट कर नीचेगिर गए हैं जिससे सिग्रामपुर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति दोपहर 2:00 बजे से देर शाम तक बंद है और लोगों का उमस भरी गर्मी से हाल बेहाल है बिजली कंपनी द्वारा सुधार कार्य की जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है जिससे बिजली आपूर्ति बहाल होने में कितना समय लगेगा इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है।

# विकासखंड स्तरीय रोजगार मेला का हुआ आयोजन, 103 युवाओं ने कराया पंजीयन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा**

जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में मध्य प्रदेश शासन की रोजगार मुखी नीति के तहत जिला एवं विकासखंड स्तर पर रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत एसडीम सौरव गंधर्व के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जबेरा में जनपद पंचायत जबेरा के सहयोग से मंगल भवन में रोजगार मेला आयोजन किया गया। जिसमें रोजगार के इच्छुक युवाओं को आमंत्रित किया गया। रोजगार मेला में एलएनटी कंपनी के एचआर मैनेजर कमल चंद्र चंद्रवंशी द्वारा कंपनी के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि एलएनटी कंपनी भारत की नंबर वन कंपनी है जो निर्माण कार्य में अग्रणी है जिसमें भारत सरकार के विभिन्न प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है जिससे काफी संख्या में स्किल्ड युवाओं की आवश्यकता है जिसके लिए एलएनटी कंपनी प्रदेश में वन विभाग के सहयोग से सिवनी जिले के लखनादौन में ट्रेनिंग सेंटर चलाया जा रहा है। जिसमें दो माह की ट्रेनिंग देकर युवाओं को कार्य करने के योग बनाया जाएगा। साथ ही कंपनी के मैनेजर द्वारा काउंसलिंग के माध्यम से युवाओं को विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान जबेरा जनपद पंचायत सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल ने युवाओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि आजकल निजी क्षेत्र में नौकरियां बहुत हैं आप अपनी क्षमता के अनुसार प्राइवेट कंपनियों से जुड़कर अपना भविष्य बेहतर बना सकते हैं।

वहीं जिला रोजगार अधिकारी एलपी लड़िया ने भी अपनी बात कही। आजीविका मिशन से धर्मेंद्र मिश्रा ने कहा कि मध्य प्रदेश शासन के प्लेटफार्म पर एलएनटी कंपनी को बुलाकर आपको बेहतर भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है जिससे आप सभी युवाओं का भविष्य उज्जवल हो सके। रोजगार मेला में 103 युवाओं का पंजीयन किया गया। इस अवसर पर नोहटा आईटीआई प्राचार्य एनएस उइके, नायब तहसीलदार साहू जी, पंचायत इंस्पेक्टर निरपत सिंह परस्ते सहित अनेकों युवाओं की उपस्थिति रही।

### बावड़ी का जीर्णोद्धार कार्य किया जायेगा

**दमोह।** आज 31 मई 2025 को लोकमाता अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत पथरिया की ग्राम पंचायत किशनगंज में बनी हुई अति प्राचीन बावड़ी का जीर्णोद्धार कार्य लोकमाता अहिल्याबाई के नाम पर किया जायेगा। बावड़ी का जीणोद्धार आज 31 मई को जन सहभागिता से श्रमदान किया जायेगा। जिला प्रशासन ने देवी अहिल्याबाई की 300 वी जयंती के अवसर पर प्रत्येक जनपद में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एक-एक बावड़ी का चयन कर उसका जीर्णोद्धार कार्य लोकमाता देवी अहिल्याबाई के नाम पर करने की कार्य योजना बनाई हैं।

## आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस



**हटा।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संजय वार्ड हटा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 136 में विश्व महावारी स्वच्छता दिवस को आधार बनाते हुए सिविल अस्पताल हटा सीबीएमओ डॉ यूएस पटेल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 10 से 19 वर्ष की सभी किशोरियों को माहवारी और महावारी में होने वाली समस्याओं तथा उससे जुड़ी भ्रांतियां के बारे में जानकारी दी गई साथ ही किस प्रकार इन समस्याओं का निदान किया जा सकता है उसके बारे में भी जानकारी प्रदान की गई , किशोर ,किशोरियों में होने वाले शारीरिक बदलाव मानसिक बदलाव और भावनात्मक बदलाव के बारे में जानकारी प्रदान की गई और किशोरियों की समस्याओं के बारे में जाना गया और समाधानात्मक परामर्श प्रदान किया गया, उक्त कार्यक्रम में आरकेएस के परामर्शदाता अनिल कुमार ,अर्बन सुपरवाइजर बुद्धन तंतुवाय और लेप्रोसी प्रभारी दशरथ कोरी द्वारा कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की जिसमें किशोरियों को स्वस्थ्य और सफल जीवन के लिए परामर्श के साथ स्वास्थ्य मन, स्वाथ्य शरीर होना महत्तव पूर्ण बताया साथ ही किसी प्रकार की समस्या होने पर स्वास्थ्य सेवाएं हेतु सिविल अस्पताल आने और उमंग स्वास्थ्य केंद्र में परामर्श प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया साथ ही टोल फ्री नंबर 14425, 14416 जस्ट आस्क , मनहित एप के बारे में भी जानकारी दी गई। एएनएम शबाना बी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेखा पटेल द्वारा किशोरियों को व्यक्तिगत स्वक्षता के बारे में जानकारी दी ,कार्यक्रम में क्षेत्रीय आशाओं की उपस्थिती रही।

# जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में निकली जिला स्तरीय जय हिन्द यात्रा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**

जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला स्तरीय जय हिन्द यात्रा में कांग्रेसजनों समाजसेवियो व्यापारियां महिलाओ ने तिरंगा झंडा तिरंगा चुनरी लेकर सेना के शौर्य एवं पराक्रम के सम्मान में जिला कांग्रेस कार्यालय टण्डन बगीचा से पैदल मार्च करते हुए बस स्टेण्ड होते हुए घंटाघर अंबेडकर चौक बैंक चौराहा से लेकर कांग्रेस कार्यालय में समापन हुआ। पैदल मार्च करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि जिला स्तरीय जय हिन्द यात्रा का आयोजन इसलिये किया गया है हमारे सेना के जवानो के शौर्य एवं पराक्रम के सम्मान के लिये दिया गया है। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कि हम सेना के सम्मान के लिये रैलियां निकाल रहे है तो भाजपा के नेता अर्नगल ब्यानबाजी कर रहे है जो निंदनीय है। प्रताप सिंह, तेजीराम रोहित, मानक पटेल, वीरेन्द्र दबे, संजय चौरसिया, राजेश तिवारी, निधि श्रीवास्तव, प्रदीप खटीक, रावबृजेन्द्र सिंह, लक्ष्मण सींग, आशीष पटेल, बबलू भट्ट, प्रजु यशोधरण, राजा राय, वीरेन्द्र



राजपूत, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, रजनी ठाकुर, लालचंद राय, कमला निषाद, अरविंद तिवारी, पुरूषोत्तम अहिरवार, मंजीत यादव, भपेन्द्र आजवामी, रियाज खान, अरूण मिश्रा, दिनेश रैकवार, अरविंद अवस्थी, मदन सुमन, डीपी पटेल, अजय जाटव, शमीम कुरैशी, उवैद गौरी, सोनू जैन, विक्रम ठाकुर, अमर सिंह, रोहण पाठक, लाखन सिंह ने भी रैली में नार लगाते हुए कहा कि आज हमारे जिले से पूरे प्रदेश भारत देश में यह संदेश जाना चाहिए कि हम भारतीय सेना का उत्साह बढ़ाने राष्ट्रहित में समर्पित भावना से सेना का सम्मान करते है। संध्या नायक, अमित नामदेव, बसंत कुशवाहा, वीरेन्द्र चौबे, संजय सेठ, संदीप बरदिया, प्रमेश सरौठया, अभिषेक यादव, कासिम खान, राजू बगीरा, सतनाम जुनेजा, शानु जुनेजा, गीता लोधी, सुरेन्द्र हजारी, एके चिश्ती, शंभू राय, जावेद रोजान, चिन्टू ठाकुर, मानक अहिरवार के साथ साथ ब्लॉको से आए हटा ब्लॉक से घनश्याम यादव, बृजेश गुप्ता, कृष्णगोपाल श्रीवास्तव, हरगोविंद पटेल, शहजाद खान जबेरा से गोविद तिवारी, अखलेश सोनी, हरिराम ठाकुर, संतोष रजक बटियागढ़ से राजकुमार लोधी, राजेश राय, रामलाल सतपारा हिण्डोरिया से एमएम राही, इनायत अली सहित अनेकों कांग्रेसियां एवं समाजसेवियों की उपस्थिति रहीं।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार**

विकासखंड स्तर पर विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ आज ग्राम परस्वाहा में किया गया। इस अभियान के तहत किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा। विकसित कृषि संकल्प यात्रा जनपद की अनेकों ग्राम पंचायत में पहुंचेगी अभियान के तहत आधुनिक कृषि तकनीकें किसानों को खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों के बारे में जानकारी दी गई। साथ किसानों को सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया और उनके लाभों के बारे में बताया गया। किसानों को फसल इस दौरान विविधिकरण को बढ़ावा देने और उच्च उत्पादकता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि*:गोपाल सिंह मंडल अध्यक्ष*: श्री शीतल राय सरपंच परस्वाहा किशोर सिंह, कंछेदी यादव जनपद कृषि स्थाई समिति सभापति लक्ष्मण सिंह अंगद सिंह की उपस्तिथि रही कृषक शीतल राय एवं गोपाल सिंह द्वारा कृषि यंत्रों के लाभ के बारे में जानकारी दी गई इस अवसर कृषि विभाग के अधिकारी*: डॉ. रश्मि पांडे वरिष्ठ वैज्ञानिक बी एल चौरसिया, नरेंद्र सिंह ठाकुर वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी नोमिका अग्निहोत्री कृषि विस्तार अधिकारी प्रिंस कुमार अमित परमार दीपक पटेल रितेश सिंह के एल चौरसिया श्रीकांतसाहू कृषकों जनप्रतिनिधियों उपस्थित रहे वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी नरेंद्र सिंह ने बताया विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना है, जिससे वे अपनी फसल उत्पादकता बढ़ा सकें और अपनी आय में वृद्धि कर सकें।

# भाजपा दीनदयाल नगर मंडल की संगठनात्मक बैठक संपन्न

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल दमोह के नवनियुक्त मंडल पदाधिकारीओं की परिचय एवं संगठनात्मक बैठक जिला भाजपा कार्यालय दमोह में जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि आप सभी नगर के पदाधिकारी होने के साथ अपने बूथ और वार्ड के कार्यकर्ता भी है आप सभी को अपने बूथ, वार्ड और शक्ति केंद्र को मजबूत करना है। मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चौरसिया ने सभी पदाधिकारियों का परिचय जिलाध्यक्ष से करवाया और सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को भाजपा का पट्टा पहना कर बधाई दी। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री अरूण सोनी और आभार प्रकट मंडल महामंत्री महेंद्र अहिरवार ने किया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष आशीष राय, देवल कटारिया, विकास जैन, श्रीमती गायत्री वंशवर्ती, बालकृष्ण यादव, श्रीमती राधा सोनी, मंडल मंत्री श्रीमती रितु पांडेय, श्रीमती आरती राय, श्रीमती रेनु रजक, राहुल ताम्रकार, राहुल पाठक, मंडल मीडिया प्रभारी अखिलेश सिंह घोषी, सह कोषाध्यक्ष सुनील राज, कार्यालय मंत्री अखिलेश चौबे उपस्थित रहे।

## विद्यालय, महाविधालय के 100 मीटर दायरे की पान, गुटका दुकानों से विक्रय पर प्रतिबंधित किया जाये

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस आज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**

राज्य शासन के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा मद्यपान तथा मादक पदार्थों, नशीली दवाईयां, शराब एवं विभिन्न प्रकार के नशे से होने वाले दुष्परिणामों से समाज, युवाओं को अवगत कराने, नशामुक्ति के लिये जनजागृति कार्यक्रमों का आयोजन कराये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये हैं।

इसी क्रम में 31 मई 2025 को ₹विश्व तम्बाकू निषेध दिवस₹ का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज, युवाओं एवं बच्चों को तम्बाकू से बने उत्पाद के सेवन से होने वाली गम्भीर बीमारियों यथा - कैंसर, टी.व्ही. हदय रोग आदि से




बचाव करने के लिये जनजागृति लाना हैं। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उपसंचालक प्रवीण फुलपगारे ने बताया वर्ष 2025 के लिये स्वास्थ्य संगठन की थीम ₹ झूठ को उजागर करना, जीवन की रक्षा करना, तम्बाकू और निकोटीन उत्पादों की अपील को उजागर करना₹ पर आधारित ₹विश्व तम्बाकू निषेध दिवस₹ आयोजन के अवसर पर गतिविधियां आयोजित कराई जा रही है। उन्होंने कहा जिले के स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित तम्बाकू नियंत्रण केन्द्र द्वारा तम्बाकू उत्पादों के सेवन से होने वाली गम्भीर बीमारीयो पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी लगाई जाये। ग्रीष्म कालीन अवकाश में स्कूल के विधार्थियों के लिये आयोजित होने वाले विशेष समर केम्पों में प्रतियोगिताएं यथा चित्रकला, निबंध लेखन, भाषण, रंगोली, मैराथन, प्रभातफेरी, नुक्कड़ नाटक, गीत-संगीत के कार्यक्रम तथा तम्बाकू सेवन के दुष्परिणामों पर आधारित वॉल पेंटिंग के कार्यक्रम आयोजित कराई जाये।

उन्होंने कहा विद्यालय, महाविद्यालय के 100 मीटर दायरे की पान, गुटका दुकानों से विक्रय पर प्रतिबंधित किया जाये, शासकीय, सार्वजनिक स्थलों के आसपास बैनर द्वारा नशामुक्ति के संदेश का प्रचार-प्रसार किया जाये। राष्ट्रीय नशामुक्ति हेल्पलाईन नंबर 14446 का व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराया जाये। आयोजित नशामुक्ति जनजागृति कार्यक्रमों/गतिविधियों की प्रविष्टियां भारत सरकार द्वारा विकसित NMBA मोबाईल एप/वेवलिंक पर अनिवार्यतः अपलोड कराई जाये। साथ ही अपलोड कराई गई प्रविष्टियों की जानकारी तथा कार्यक्रमों का प्रतिवेदन पत्र के माध्यम से सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को अवगत कराया जाये ताकि संचालनालय प्रतिवेदन प्रेषित किया सके।

# दूसरों के साथ बुरा बर्ताव करने वाले का स्वप्न में भी अच्छा नही हो सकता - पं रवि शास्त्री

**दमोह**. ग्राम पिपरोधा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि जो लोग दूसरों के साथ बुरा बर्ताव करते हैं एवं अपने साथ अच्छा चाहते हैं ऐसे लोग स्वप्न में भी सुखी नहीं रह सकते हमें कभी भी किसी का बुरा नहीं करना चाहिए जितना हो सके हमें सबका भला करना चाहिए क्यौकि परहित से बढकर दूसरा कोई धर्म नहीं है जिस प्रकार संत पुरुष प्रभु के हितार्थ सर्वस्व का त्याग करते है। संत परमात्मा के लिए संसार के विषयों को बुध्धिपूर्वक त्याग करते है और भगवानभी उसकी परीक्षा करके ही उसको अपनाते है। मै भूख से व्याकुल करूँगा भूखा ही सुलाऊँगा तन को गला दूँगा और उसे वो सहन कर लेगा तब उसे सुखी करूँगा भगवान ने नरसिंह मेहता की कई बार परीक्षा ली थी। मेहताजी ने भगवान से कहा कि भगवान आपने मेरी परीक्षा कि वह तो ठीक है। पर हे भगवान इस कलियुग में आप ऐसी परीक्षा करेंगे तो कोई भी आपकी सेवा नहीं करेगा। भगवान की कथा सुनने से श्रध्धा दृढ़ होती है उसके बाद भगवान के लिए आसक्ति बढ़ती है आसक्ति बढ़ने से व्यसनात्मिका शक्ति प्राप्त होती है और जिसकी भक्ति व्यसनात्मिका बने उसकी मुक्ति सुलभ होती है। भक्ति जब व्यसन से उत्कृष्ट बनती है तब ईश्वर के पास ले जाती है। कपिल कहते है हे माता तीव्र भक्ति के बिना मुक्ति नहीं मिलती तीव्र भक्ति का अर्थ है व्यसनात्मिका भक्ति तीव्र भक्ति का अर्थ है एक भी क्षण ईश्वर से विभक्त न होना। माँ यह सब जो दृश्यमान है वह सत्य नहीं है स्वप्न के सत्य जैसा है स्वप्न सत्य जैसा दीखता है पर वह असत्य है स्वप्न असत्य होते हुए भी सुख-दुःख देता है। जिस प्रकार स्वप्न देखने वाले को अपना मस्तक बिना कटे ही कट जाने की भ्रान्ति होती है और वह रोने लगता है उसी प्रकार अविद्या के कारण जीवात्मा को सब भ्रान्ति होती है इसे ही माया कहते है। जैसे वस्तु न होने पर भी वह स्वप्न में दिखाई देती है उसी तरह तात्विक दृष्टी से कुछ भी न होते हुए भी जागृतावस्था में माया और अज्ञान के कारण सब कुछ का आभास होता है हे माता यह जगत स्वप्न जैसा है और असत्य है स्वप्न के जैसा असत जगत यह सिद्धान्त भागवत में बार-बार इसलिए कहा गया है कि जिससे जगत के पदार्थ के लिए मोह न जागे संसार के विषयो के प्रति पूर्णतः वैराग्य है इसलिए यह सिध्धांत बार बार कहा गया है। संसारिक सुख के उपभोग की लालच जब तक बनी रहे तब तक मानो कि तुम सोये हुए हो जब मनुष्य जागता है तो -उस जागे हुए को ही कन्हैया मिलता है। सुख भोगने की इच्छा बड़ी दुःखद है भगवत-ध्यान में जगत विस्मृत हो जाये तभी ब्रह्म सम्बन्ध जुड़ जाता है ध्यान में प्रथम शरीर को स्थिर करो फिर आँखों को स्थिर करो और अन्त में मन को स्थिर करो। जब तक शरीर और आँखे स्थिर नहीं हो पाती तब तक मन स्थिर नहीं हो पाता आँखों में श्रीकृष्ण के स्थिर होने पर मन शुध्ध होता है श्रीकृष्ण के स्वरुप में ध्यान रखकर कथा सुनो जिसे ध्यान करना है वह एक आसन पर बैठे और मन को स्थिर करे। ध्यान करते समय संसार को मन से निकालो बिना ध्यान के दर्शन परिपूर्ण नहीं होता कथा के मुख्य श्रोता ठाकुर इमरत सिंह ने समस्त भक्तों से कथा श्रवणार्थ उपस्थिति का आग्रह किया है।

# नर्मदेश्वर महादेव के प्राण प्रतिष्ठा महोत्व में हरि और हर का मिलन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया**

लघु अयोध्या के नाम से विख्यात नगर के श्री देव संकट मोचन हनुमान जी महाराज मंदिर में चार दिन से चल रहे श्री नर्मदेश्वर प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव में चौथे दिवस सुबह से नर्मदेश्वर महादेव की पूजा अर्चना और जलाभिषेक के बाद शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमे नर्मदेश्वर महादेव पालकी में बैठकर शहरवासियों को दर्शन देने निकले शोभायात्रा के दौरान पालकी अवध बिहारी राम मंदिर पहुँची जहाँ हर ने अपने आराध्य भगवान राम के और श्री राम ने अपने उपास्य देवाधिदेव महादेव के दर्शन किए हरि हर का यह मिलन अभूतपूर्व रहा। पिछले चार दिन से शहर का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है इस महोत्व के प्रथम तीन दिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन रहा जिसमे सैकड़ो की संख्या में नर नारी बाल वृद्ध उमड़ पड़े साथ ही 5 दिवसीय रामचरित मानस पाठ भी लगातार मंदिर परिसर में जारी है विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया जिसमे भोपाल के प्रतिष्ठित डॉक्टरों ने स्वास्थ्य सेवाएं क्षेत्र के लोगों को उपलब्ध कराई अंतिम दिवस में सहस्त्रअर्चन का कार्यक्रम भी रखा गया है जो शहर के इतिहास में पहली बार एक नए तरह का धार्मिक आयोजन होगा। आयोजन में जनप्रतिनिधियों के साथ हजारों भक्तों श्रद्धालुओं ने उपस्थिति प्रदान की।

## खबर संक्षेप

### बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया

**दमोह।** कोतवाली पुलिस द्वारा अभियान मुस्कान अंतर्गत नाबालिक बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। पुलिस मुख्यालय द्वारा गुमशुदाओं की दस्तयाबी हेतु दिनांक 01.05.2025 से 30.05.2025 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में नाबालिग बालक/बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी हेतु पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के पालन में थाना कोतवाली से सउनि संतोष तिवारी के नेतृत्व में गठित टीम ने सायबर सेल दमोह की मदद से दिनांक 29.05.2025 को थाना कोतवाली दमोह के 05 वर्ष से पूर्व गुम नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त हुई। दस्तयाबी उपरांत बालिका को उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

### हिरदेपुर ई-मदिरा दुकान शुष्क दिवस घोषित

**दमोह।** आबकारी अधिनियम 1915 एवं मध्यप्रदेश शासन राजपत्र (असाधारण) 14 फरवरी 2025 की कंडिका क्रमांक 48.1 के अनुसार प्रशासकीय तथा लोकहित को दृष्टिगत रखते हुये तथा लोक शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने 30 मई 2025 की रात्रि विक्रय समय पश्चात से 31 मई 2025 को रात्रि 07 बजे तक मदिरा दुकान ई-हिरदेपुर को बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त अवधि में मदिरा दुकान दमोह ई बंद रखी जाकर मदिरा का क्रय-विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उक्त आदेश का कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित किया जाये। ज्ञातव्य है अध्यक्ष, समस्त श्रावक, श्री जिनशरणं प्राचीन मंदिर कृषि उपज मंडी दमोह के ज्ञापन 28 मई के अनुसार श्री जिनशरणं दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर नई कृषि उपज मण्डी सागर रोड, दमोह में पूजन-अनुष्ठान के उद्देश्य से जैन श्रध्दालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहेंगी।

### गर्भवती माताओं के उपचार से संबंधित शिकायतों को भी दर्ज करा सकते हैं-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया दमोह जिले के नागरिक अब दमोह हेल्पलाइन पर गर्भवती माताओं के उपचार से संबंधित शिकायतों को भी दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने कहा दमोह जिले की गर्भवती माताओं का उपचार न होने अथवा उनके उपचार में कोई समस्या हो तो इसकी शिकायत दमोह हेल्पलाइन 07812-350300 पर दर्ज कराई जा सकती है। गर्भवती माताओं का उपचार सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। उन्होंने कहा शिकायत में गर्भवती माता का नाम एवं पते की जानकारी देना आवश्यक है।

### 12 लाख की राशि की स्वीकृत

**दमोह ।** दमोह- छतरपुर मुख्य मार्ग पर ग्राम मारा सुखी तिराहा पर हुई भीषण सड़क दुर्घटना में तीन व्यक्तियों की मृत्यु होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 12 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की है। उन्होंने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद की राशि से चंदन पिता गेंदालाल अहिरवाल, संदीप पिता राम जी अहिरवार एवं सोनू पिता नंदलाल अहिरवाल साकिन थाना तेजगढ़ जिला दमोह की दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके निकटतम वैध वारिसों को 4 लाख रूपये प्रति व्यक्ति के मान से 12 लाख रुपए की व्यक्तिगत आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।

### वीरेन्द्र ठाकुर का आकस्मिक निधन

**हिण्डोरिया।** नगर के वार्ड नं. 03 निवासी वीरेन्द्र सिंह ठाकुर का आकस्मिक वाहन दुर्घटना के चलते निधन हो गया है। उनकी शव यात्रा में सभी वर्गों के लोगों ने भाग लेकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

लाखों रूपये के सोने चांदी के जेवरात बरामद किये, दो आरोपी गिरफ्तार

# रिश्तेदार ही निकला चोर, 24 घंटे के अंदर चोरी की घटना का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी की घटना का 24 घण्टे के अंदर पर्दाफाश करते हुये दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 14 लाख रुपये कीमती सोने चांदी के आभूषण बरामद किये है। मामले में पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 28.05.2025 को अभिलाष यादव निवासी सिविल वार्ड 07 दनोह ने इनके घर से दिनांक 28.05.25 की रात्रि में सोने चांदी के आभूषण एवं नगदी कुल 14 लाख रुपये का मश्रुरुका चोरी होने की रिपोर्ट लेख करायी जिस पर थाना कोतवाली दमोह में अपराध क्र 396/2025 धारा 331(4),305 (ए) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दमोह, अति. पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुनार के नेतृत्व में आरोपियों की धरपकड एवं चोरी में गये सोने चाँदी के आभूषण एवं ननदी की बरामदगी हेतु पुलिस टीम का गठन किया, जो पुलिस टीम द्वारा संदेहियों को पकड़कर चोरी के संबंध में पूछतांछ किया जिनके द्वार। गेरी करना स्वीकार किया एवं माल बरामद कराया। आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सीएसपी अभिषेक तिवारी ने बताया कि परिवार के ही एक व्यक्ति पर संदेह था जिससे पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल लिया। परिवार के व्यक्ति को घर के संबंध में पूरी जानकारी थी, उसने अपने साथी के साथ मिलकर पूरी चोरी का योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी नैतिक उर्फ आयुष यादव पिता उमेश यादव उन3 19 वर्ष निवासी आमचौपरा, राहुल सोनी पिता हरिशंकर सोनी उम्र 20 साल निवासी वैशाली नगर दमोह को गिरफ्तार किया गया। पुलिस सोने चांदी के आभूषण, एक लंहगा एवं 13700/- रुपये नगद कुल मशरुका 14 लाख रुपये का जब्त किया। प्रकरण की पतासाजी में कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार, उनि बी.एस. हजारी, सउनि राकेश पाठक, प्र.आर 195 सूर्यकांत पाण्डेय, प्र.आर. 422 अजीत दुबे, प्र.आर. 178 हेमंत अवस्थी, प्र.आर. सौरभ टंडन (सायबर सेल) आर. नरेन्द्र पटेरिया, आर. ओमप्रकाश, आर. ब्रिजेन्द्र मिश्रा, आर. आकाश पाठक सराहनीय सहयोग रहा।

## पत्नी से प्रताड़ित पति फिनायल लेकर पहुंचा एसपी ऑफिस



दमोह। अपनी पत्नी से पीड़ित एक पति अपने परिवार के साथ फिनायल लेकर एसपी ऑफिस पहुंच गया। पुलिस ने पीड़ितों के हाथ से फिनायल की बोतल छुड़ाई एवं उन्हें निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई का आश्वासन दिया। मामला देहात थाना की जबलपुर नाका चौकी अंतर्गत ग्राम हथना का है. दरअसल ग्राम हथना निवासी 28 वर्षीय अनुज मिश्रा आज अपनी मां 50 वर्षीय श्रीमती रानू मिश्रा एवं बड़ी मां श्रीमती कुसुम मिश्रा को अपने अधिवक्ता मनीष नगाइच के साथ लेकर एसपी ऑफिस पहुंचा। जैसे ही पुलिस ने सभी के हाथ में फिनायल की बोतल देखी तो तुरंत उनके हाथ से बोतल छुड़ाई एवं उन्हें वहां से अलग किया। अनुज मिश्रा ने बताया कि उनकी पत्नी प्राची मिश्रा विवाह के बाद से लगातार परेशान कर रही है। वह मायके वालों के पक्ष के कहने पर घर में मारपीट एवं लड़ाई करती हैं। वह घर के कैमरा तोड़ चुकी है एवं एक से डेढ़ लाख रुपए का नुकसान कर चुकी हैं। केवल उन्हें ही नहीं बल्कि उनकी मां और बड़ी माँ के साथ भी मारपीट करती हैं। परिवार में ऐसा कोई सदस्य नहीं है जिसके साथ उसने मारपीट न की हो. इस संबंध में मैंने कई दफा जबलपुर नाका चौकी एवं एसपी ऑफिस में आवेदन दिया लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी से परेशान होकर आज वह अपने परिवार के साथ एसपी ऑफिस आत्महत्या करने पहुंचा है। इस मामले में सीएसपी अभिषेक तिवारी ने कहा कि इस मामले में थाना प्रभारी दमोह देहात गंभीरता से दोनों पक्षों को सुनेंगे और और जो भी रिपोर्ट हमारे सामने आएगी उसे पर हम नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

नीरज गोल्हानी की प्रेरणादायक कहानी

# वनरक्षक से असिस्टेंट प्रोफेसर तक का सफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

दमोह जिले के सिंग्रामपुर वन परिक्षेत्र की अत्यंत संवेदनशील चौरई बीट में कार्यरत वनरक्षक नीरज गोल्हानी ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयनित होने में सफलता प्राप्त की है। नीरज गोल्हानी ने वन विभाग में अपनी सेवाएं देते हुए इस सफलता को हासिल किया है, जो कि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। नीरज गोल्हानी मूलतः सिवनी जिले के मध्यम वर्गीय किसान परिवार से संबंधित हैं। उन्होंने अपने संघर्ष के दिनों में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में पांच बार मुख्य परीक्षा से असफल होने के बावजूद हार नहीं मानी और अब असिस्टेंट प्रोफेसर में चयन होने से उनके परिवार, मित्रों और सहयोगियों में खुशी का माहौल है।

### वन विभाग और परिवार का सहयोग

नीरज गोल्हानी ने सिंग्रामपुर रेंजर आश्रय उपाध्याय और वन परिक्षेत्र स्टाफ के सहयोग और उत्साहवर्धन की सराहना की है। उनकी पत्नी ज्योति साहू भी पोला हायर सेकेंडरी स्कूल (मझौली) में प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं। सिंग्रामपुर रेंजर आश्रय उपाध्याय ने नीरज गोल्हानी को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत का नतीजा है कि आज उन्हें यह मुकाम हासिल हुआ है। सिंग्रामपुर वन स्टाफ ने भी नीरज गोल्हानी को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# रोड सेफ्टी सर्वे एवं एनालिसिस हेतु मैनिट से टीम आज आयेगी, ब्लैक स्पॉट का भी करेगी निरीक्षण

**जिले में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत मैनिट से टीम भेजने कलेक्टर ने मैनिट को लिखा था पत्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (MANIT) मैनिट के निदेशक को पत्र लिख कर दमोह जिले में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत रोड सेफ्टी सर्वे एवं एनालिसिस हेतु मैनिट से टीम भेजने पत्र लिखा गया था। इस संबंध में मैनिट के प्राध्यापक डॉ. अनुज जयसवाल से चर्चा की गई जिसमें उन्होंने इस विषय पर सहयोग हेतु सहमति व्यक्त की। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने बताया दमोह जिले में विगत तीन वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है, जो अत्यंत चिंता का विषय हैं। इस दौरान हुई दुर्घटनाओं से हुई जनहानि एवं घायल व्यक्तियों की संख्या वर्ष 2022 में कुल दुर्घटना 645, साधारण घायल 516, गंभीर घायल 13, मृतक 234 संख्या थी। इसी प्रकार वर्ष 2023 में कुल दुर्घटना 681, साधारण घायल 591, गंभीर घायल 6, मृतक 210 तथा वर्ष 2024 में कुल दुर्घटना 1003, साधारण घायल 1096, गंभीर घायल 8, मृतक 295 संख्या थी। उन्होंने बताया इन आंकड़ों से स्पष्ट हैं कि जिले में सड़क दुर्घटनाएं लगातार जान-माल की हानि का कारण बन रही हैं। प्रेषित पत्र में कहा गया प्रतिदिन जिले के किसी न किसी भाग में दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिन्हें रोकने हेतु एक ठोस कार्ययोजना बनाकर कार्य करना अत्यंत आवश्यक हैं। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (MANIT) के माध्यम से जिले में रोड सेफ्टी सर्वे एवं एनालिसिस कराए जाने का प्रस्ताव हैं। चूंकि यह जनसुरक्षा से जुड़ा हुआ अत्यंत गंभीर विषय है. अतः इस सप्ताह के भीतर मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (MANIT) की एक विशेषज्ञ टीम को भेजी जाये, जिससे शीघ्र ही कार्य आरंभ किया जा सके। इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया यह टीम कल शनिवार दोपहर 01 बजे से निर्माण सड़क निर्माण एजेंसीयों यातायात एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ दुर्घटना स्थलों एवं ब्लैक स्पॉट का जायजा लेगी इसके बाद अपराह्न 4:00 बजे से अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की गई है।

# श्रुत पंचमी पर्व प्राकृत दिवस एवं समवशरण समागम महोत्सव पर विविध आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

श्रुत पंचमी पर्व प्राकृत दिवस एवं समवशरण समागम महोत्सव पर श्री जिन शरणं प्राचीन दिगंबर जैन पंचायती मंदिर, न्यू कृषि उपज मंडी दमोह में 31 मई 2025 शनिवार को प्रातः 7 बजे से विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

परमपूज्य संतशिरोमणी आचार्य श्री विद्यासागर जी, आचार्य श्री समय सागर जी की मंगल प्रेरणा एवं परमपूज्य मुनि श्री प्रयोग सागर जी के आशीर्वाद से प्रतिष्ठाचार्य डॉ आशीष भैया डॉ अभिषेक भैया सगरा दमोह के सानिध्य तथा बाल ब्रह्मचारी स्वतंत्र भैया के संचालन में सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होगे। श्रुत पंचमी, प्राकृत दिवस के पावन अवसर पर श्री जिन शरणं प्राचीन दिगंबर जैन पंचायती मंदिर, सागर रोड दमोह में साँसा नगर के श्री शांतिनाथ भगवान के समवशरण की स्थापना के साथ जिन श्रुत वेदी पर षटखंडागम ग्रन्थ की स्थापना एवं अभिषेक शांतिधारा संपन्न होगी। इसके पूर्व श्री जी की शोभायात्रा प्रातः 7 बजे नशियां मंदिर से जिन शरणं जिनवाणी की पालकी श्री तारण तरन चैत्यालय द्वारा कार्यक्रम स्थल पहुचेगी। जहा श्री जी का मस्तकाभिषेक शांतिधारा, षटखंडागम ग्रन्थ का अभिषेक संपन्न होगा। कार्यक्रम के उपरांत सभी के प्रीति भोजन की व्यवस्था की गई हैं श्रीजिन शरणं प्राचीन जिनालय समिति एवं सकल जैन समाज, श्री दिगंबर जैन पंचायत, दमोह ने सभी साधर्मी जनों से समस्त कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मानजन की अपील की है।

उल्लेखनीय की इस जिनालय में जैन पुरातत्व और संस्कृति का संरक्षण किया जा रहा है, जिसमें ऐसे स्थानों के मंदिरों को स्थापित किया जा रहा है, जिन नगरों में समाज नहीं बची है, मंदिरों की पूजा आदि की व्यवस्थाएं नहीं हो पा रही थीं, जो शिखर बंद मंदिर ना हों, ज्ञातव्य रहे ग्राम सांसा के पूर्व ग्राम बकेनी, नौरू उर राजा पटना आदि तीन गांव के लगभग 1000 वर्ष प्राचीन मंदिर और मूर्तियों को स्थापित किया जा चुका है।

## जीडीएम के प्रशिक्षण का आयोजन



**दमोह।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन के निर्देश अनुसार जीडीएम का प्रशिक्षण का आयोजन सीबीएमओ अशोक बरोनिया की अध्यक्षता में किया गया जिसमें मैटरनिटी फाउंडेशन की तरफ से डॉक्टर भास्कर के द्वारा जीडीएम पर विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिसमें अनिल कटारिया बी. पी. एम.,प्रमोद तंतुवाय बी. ई.ई. एवं सीएचसी पटेरा, पीएचसी कुम्हारी एवं पीएचसी कुंडलपुर की नर्सिंग ऑफिसर की उपस्थिति रही ।

# नौ कुण्डीय नवग्रह शांति एवं हरिहरात्मक मृत्युंजय महायज्ञ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



सर्व समर्थ सदुरु श्री आनंद कंद दयालु भगवान की असीम कृपा से दमोह के प्रमुख आस्था के केंद्र सवा लाख मानस पाठ साकेत धाम दमोह में भारतीय सैन्य शक्ति को समर्पित 9 कुण्डीय नवग्रह शांति एवं हरिहरात्मक मृत्युंजय महायज्ञ का शुभारंभ विनायक चतुर्थी शुक्रवार से हुआ जो आगामी 03 जून धूमावती जयंती तक चलेगा । आयोजन को पंचदिवसीय सप्ताविंशति ब्राह्मणों द्वारा संपादित किया जा रहा है। महायज्ञ के यज्ञ कर्ता श्रीमहंत श्री श्रीभगवान वेदांताचार्य रसिक (4 गोल्ड मेडललिस्ट काशी हिंदू विश्वविद्यालय ) है। महायज्ञ सूर्योदय से सूर्यास्त तक किया जायेगा। श्रीमहंत श्री श्रीभगवान वेदांताचार्य ने कहा कि 'यज्ञों वै प्राणः' हे यज्ञ श्रेष्ठ श्री. वैदिक वांग्मय में यज्ञों की परम्परा का तादात्म साधक के सहायतार्थ एक सुगम मार्ग प्रशस्त करता है जिसमें भक्ति पथ ज्ञान को शिरोधार्य कर साधक के सामान्य प्रयासो को भी सफल बना देता है। जिसमें अनुपमेय लक्ष्य प्रवाहमान जीवन को संचयी स्वरूप में कालजई बनाता है, इसलिए जीवन की समयावधि से कुछ क्षण निकाल कर पुरुषार्थ रूपी यज्ञीय विद्या का अंग बने। राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त राम कृष्ण कुसमरिया बाबा जी ने प्रथम दिवस की आहुति प्रदान कर सैन्य शक्तियों को संबल प्रदान किया। साकेत धाम आश्रम दमोह में जय भगवान जी विशेष महोत्सव में कलश स्थापना, प्राश्चित स्नान, मंडप प्रवेश, पंचांग पूजन, गणेश पूजन, जप स्त्रोत्र पाठ एवं हवन पूर्णाहुति भंडारा होगा। यज्ञ में प्रमुख यजमान पिताजी राजेंद्र कुमार राजगढ़िया माताजी प्रभा राजगढ़िया यज्ञाद्यीष्ट पुत्री एवं दामाद श्री मति अंजली हरलालका श्री दीपक हरलालका मुंबई है। संपूर्ण आयोजन महामंगल सेवा समिति दमोह के तत्वाधान में किया जा रहा है।

# बांके बिहारी देव जू मंदिर के तालाब की पार तोड़े जाने से फैला आक्रोश

**सड़क निर्माण के पश्चात हिल ब्रिज कांट्रेक्शन कंपनी ने वादा खिलाफी की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

अभाना+बिलाई मार्ग निर्माण के दौरान एक कंपनी ठेकेदार एवं कर्मियों द्वारा बर्ती गई घोर लापरवाही एवं उसकी वादा खिलाफी के कारण ताम्रकार समाज के एक धार्मिक स्थल का वर्षों पुराना तालाब, कुआँ एवं रास्ता पूरी तरह से बरबाद हो गया। सड़क निर्माण कपंनी एवं ठेकेदार के विरूद्ध नागरिकों एवं ताम्रकार समाज में वर्तमान में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में श्री हरि बांके बिहारी जू देव- राधा रानी मंदिर के व्यवस्थापक रमाकांत ताम्रकार पिता कन्हैयालाल ताम्रकार मुकरवा वार्ड नंबर 12 हिंडोरिया निवासी ने बताया कि जब वर्ष 2022 में अवाना भिलाई सड़क एवं पुलिया के निर्माण का कार्य चल रहा था। सड़क जो ग्राम हिंडोरिया से मंदिर के समीप से होकर जाती है। पुलिया निर्माण के दौरान कपंनी एवं ठेकेदार ने जेसीबी से मंदिर के तालाब की पुरानी पार एवं परंपरा गत सड़क को तोड़कर आम नागरिकों की आवाजाही हेतु उसी समय वैकल्पिक बाईपास मार्ग बनाया था। कंपनी एवं ठेकेदार ने सड़क एवं पुड़िया निर्माण के पश्चात पुनः मंदिर के तालाब की तोड़ी गई पार एवं मंदिर की तोडी गई सड़क के निर्माण का ताम्रकार समाज को भरोसा दिया था। किंतु आज लगभग 2 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कंपनी एवं ठेकेदार के द्वारा ना तो मंदिर की सड़क बनवाई गई। और ना ही मंदिर के तालाब की पार का निर्माण कराया गया। और कटनी ठेकेदार कारोवार समेटकर रफू चक्कर हो गये। परिणाम स्वरूप लगभग 12 माह लबालब पानी से भरा रहने वाला तालाब, मंदिर का कुआं आज पूरी तरह से सूख चुके है। तालाब का नासा भी बरबाद हो चुका है। साथ ही बरसात के दिनों में मंदिर तक आने-जाने में श्रद्धालुओं को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । कुल मिलाकर कंपनी और ठेकेदार द्वारा जबरदस्त वादा खिलाफी ताम्रकार समाज के साथ की गई है । जिसको लेकर ताम्रकार समाज समाज एवं अन्य वर्गों के श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। पूर्व में समाज ने कलेक्टर एवं एसडीएम दमोह को शिकायत भी की गई। ताम्रकार समाज एवं अन्य वर्ग के श्रद्धालुओं ने हिल ब्रिज कंस्ट्रक्शन कंपनी एवं ठेकेदार के विरुद्ध तत्काल सख्त कार्रवाई करने के अलावा मंदिर के तालाब की पार एवं मंदिर की सड़क निर्माण कराने की मांग की है । मांग पूर्ति के अभाव में जिला शासन- प्रशासन एवं सम्बंधितों को आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

# नोहटा में खेल स्टेडियम का हुआ भूमि पूजन

**नोहटा में खेल स्टेडियम की मांग लंबे समय से की जा रही थी जो आज पूर्ण हुई - राज्यमंत्री श्री लोधी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



विकासखंड जबेरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम नोहटा में एक करोड रुपए की लागत से बनने वाले खेल स्टेडियम का शुक्रवार को जबेरा विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में संस्कृति पर्यटन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी द्वारा शुक्रवार को अनेकों जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में भूमि पूजन किया गया। एक करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले खेल स्टेडियम में लेवलिंग सहित डेवलपमेंट कार्य, बाउंड्री वॉल निर्माण, हाल एवं सिटिंग निर्माण,आर सी.सी स्टेप निर्माण, महिला एवं पुरुष शौचालय निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्य किए जाएंगे। इस दौरान राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नगर नोहटा में एक करोड़ रुपए की लागत से निर्माण होनें वाले खेंल स्टेडियम का भूमिपूजन किया गया है जिसकी निरंतर नगर वासियों के द्वारा खेल ग्राउंड की मांग की जा रही थी जिसको आज पूर्ण करने का अवसर प्राप्त हुआ है। स्टेडियम के निर्माण से बच्चे और युवा खेलों के माध्यम से अपना शारीरिक विकास एवं बौद्धिक विकास कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा के बड़े-बड़े ग्रामों में हम स्टेडियम बनवाने का कार्य कर रहे हैं जिसमें अभी तक जबेरा, सिंग्रामपुर, नोहटा आदि में स्वीकृति प्राप्त हुई है इन सभी ग्रामों में जल्द से जल्द स्टेडियम बनकर तैयार होंगे। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि आने वाले समय में विभिन्न ग्रामों में हम स्टेडियम बनवाने का कार्य करेंगे। लोधी क्षत्रिय समाज जिला अध्यक्ष भाव सिंह लोधी ने कहा कि यहां एक अच्छा खेल मैदान बने यह सपना मेरा हमेशा से रहा है ताकि ग्राम के बच्चों और युवाओं को इसका लाभ मिले और मैं चाहता हूं कि इसी तरह का खेल मैदान हर ग्राम पंचायत में होना चाहिए जिसके लिए प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रुपेश सेन,मंडल जबेरा मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, सिंग्रामपुर मंडल अध्यक्ष मंदीप यादव, राज्यमंत्री के अनुज सत्येंद्र सिंह, सहायक यंत्री शिवाजी गौड़, सचिव लालसिंह यादव,नोहटा थाना प्रभारी अरविंद सिंह, रानू नामदेव, नीरज जायसवाल, दशरथ साहू, सरपंच प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह सहित क्षेत्र वासियों की उपस्थिति रही।